## न्यूज गैलरी

### प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**विश्रामपुर।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के नाम का ज्ञापन युवा भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को सौंपा। ज्ञापन में संघ ने शिक्षा व शिक्षक हित से जुड़े मुद्दों के समाधान में विधायक श्री चंद्रवंशी से सहयोग मांगा है। ज्ञापन में संघ का चार सूत्री मांग भी शामिल है। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन विधायक को तुरंत भेज दिया जायेगा। शिक्षा और शिक्षक की भलाई हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव व वरीय भाजपा नेता सह गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय भी मौजूद थे। संघ के प्रतिनिधिमंडल में मनोज द्विवेदी,मुस्ताक अंसारी,विनोद दीक्षित,दिलीप पाल,सतीश सिन्हा,लाल कृष्ण भारद्वाज,बालमनाथ राम, मुंगालाल राम,लालमणि राम,कमलेश राम,मदन गोपाल राम,राकेश सिंह,सोनू रंजन, अशोक तिवारी,कन्हाई राम चंद्रवंशी,इरफान अंसारी,अकरम रजा खान, नीतीश कुमार, जगनारायण गुप्ता, दिलीप यादव,कादिर अंसारी,नीरज पांडेय,उपेंद्र पाठक,आलोक कुमार सिंह सहित कई शिक्षक शामिल थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की उमड़ी भीड़

**पाटन।** सुदूरवर्ती क्षेत्र कसवाखाड़ पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों का काफी रूझान देखने को मिला। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। शिविर में मुख्य रूप से बीडीओ मनोज कुमार,सीओ लाल बाबू,मुखिया यशोदा देवी,उप प्रमुख अमरेश कुमार व पूर्वी जिप सदस्य नंद यादव उपस्थित रहे। बीडीओ मनोज कुमार ने बताया कि शिविर में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्ध योजना,पेंशन योजना,आवास योजना व अन्य योजनाओं के स्टॉल पर काफी भीड़ रहा। बीडीओ ने उपस्थित ग्रामीणों के बीच शिविर में लगे सभी स्टॉलो के बारे में जानकरी दी। शिविर में जेएसपीएल के द्वारा पंद्रह सखी मंडल को बीस लाख का चेक प्रदान किया गया। मौके पर मुखिया यशोदा देवी ने कहा कि पंचायत में सभी जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओ का लाभ मिले। इसके लिए हमने विशेष रूप से प्रचार–प्रसार किया व लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी भी दिया। मौके पर सीआई उमेश्वर यादव,रंजन कुमार,जमील अख्तर,कामेश्वर महतो,रोजगार सेवक,पंस सदस्य,जेएसपीएल के मुकेश कुमार,अमित कुमार,धर्मेंद्र सिंह व अन्य लोग मौजूद थे।

### विधायक की बैठक में सड़क निर्माण पर बनी सहमति

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर थर्ड रेल लाइन विस्तारीकरण से मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत डाली, माली, भगड़ा सहित अन्य कई गांव का आम रास्ता बाधित हो रहा है। जिसे लेकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने डीआरएम से लेकर रेल महाप्रबंधक तक को दूरभाष एवं पत्राचार के माध्यम से क्षेत्र की जनता की इस कठिनाई से अवगत कराया था। जिस पर रेल प्रबंधन ने संज्ञान लेते हुए ग्रामीणों, राकांपा नेताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर समझौता वार्ता के माध्यम से इस समस्या का हल निकाल दिया है। जिसमें थर्ड रेल लाइन विस्तारीकरण कार्य में लगी कंपनी अशोका बिल्डकॉन ने सहमति जताते हुए सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बैठक में शामिल राकंपा के प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया कि विधायक की पहल पर इस समस्या का हल निकल जाने पर ग्रामीणों में हर्ष है। समझौता वार्ता के दौरान ही बैठक में शामिल अधिकारियों से विधायक ने दूरभाष पर बात भी की। जिन्हें उन्होंने रेल अंडरपास ब्रिज निर्माण करने की बात कही है।

### आरोपी प्रोफेसर को गिरफ्तार व बर्खास्त करने को लेकर युवा शक्ति ने सौंपा ज्ञापन

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के कुर्मीपुर पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपायुक्त को टीम युवा शक्ति के सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि एके सिंह कॉलेज जपला के प्रो. राम सुभाग सिंह ने छठ पूजा व हिन्दू के देवी देवता पर अभद्र टिप्पणी किया था। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना में कांड संख्या 277/ 22 दर्ज कराई गई है। पर आज तक आरोपी प्रोफेसर पर पुलिस प्रशासन की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं किया जाना अत्यंत चिंता का विषय है। टीम ने उपायुक्त से आरोपी प्रोफेसर को गिरफ्तार कर जेल भेजने व अविलंब कॉलेज से बर्खास्त करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राजीव रंजन सिंह, नीरज सिंह, गौरव सिंह, सूरज, विवेक विश्वकर्मा, सुमंत सिंह, अंकुल सिंह शामिल हैं।

# साई शिष्यों संग सैकड़ों सनातनी अनुयायी पैदल चले



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** सनातनी समाज के सैकड़ों अनुयायी साई शिष्यों के साथ पैदल चले। रांची से महाराष्ट्र के शिर्डी साईं दरबार दर्शन करने जा रहे हैं साई भक्तों का सतबरवा में तहे दिल से स्वागत किया गया। गुरुवार को कंचन ढाबा से साई शिष्यों का जत्था मेदिनीनगर के लिए पैदल रवाना हुआ। इस दौरान पैदल जा रहे साई भक्तों का स्वागत गाजे-बाजे के साथ किया गया। बुधवार की रात्रि सतबरवा में विश्राम का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, कमलेश प्रसाद, रमेश कुमार, पंकज कुमार, सुधीर कुमार समेत कई दर्जन भर लोगों ने सतबरवा पहुंचने पर साई शिष्यों का जोरदार स्वागत किया था। गुरुवार के 9:30 बजे कंचन ढाबा से साई दरबार जा रहे भक्तों ने भगवान साई को एक पालकी में रखकर यात्रा में साथ पैदल लेकर चल रहे हैं। इस दौरान पोंची,ताबर,रजडेरवा ,खामडीह होते हूए लहलहे ,पोलपोल ,सरजा दुबियाखांड पहुंचने पर इनका जोरदार स्वागत किया गया। मनीष के नेतृत्व में पांच साथियों के साथ 6 नवंबर को रांची से महाराष्ट्र के शिर्डी साई धाम के लिए यात्रा पर सभी लोग निकले हैं । रांची के सांसद संजय सेठ ने हरी झंडी दिखाकर रांची से साई दरबार के लिए जत्था को रवाना किया था। 60 दिनों में 1850 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर साई दरबार पहुंचेंगे। इस दौरान कंचन अग्रवाल, अजय कुमार, मनीष अग्रवाल ,आनंद अग्रवाल, कयास मेहता, अजय उरांव ,अजय सोनी, आशीष कुमार सिन्हा, राजेश कुमार गोस्वामी, विपिन कुमार,मुकेंदर कुमार, नीरज प्रसाद, अतुल कुमार, अभय कुमार, सीताराम चौधरी, समेत कई लोग मौजूद थे।

## शिक्षकों ने पूर्व विधायक को सौंपा ज्ञापन

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में अजाप्टा के शिक्षकों ने आंदोलन को और धारदार बनाने को लेकर प्रक्रिया तेज कर दी है। केंद्रीय समिति द्वारा तय कार्यक्रम के दूसरे चरण में राजद के प्रदेश अध्यक्ष व हुसैनाबाद विधानसभा सभा से दो बार प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव से ब्लॉक रोड स्थित पुरंदर बिगहा आवास पर अजाप्टा हुसैनाबाद व हैदरनगर के सैकड़ों सदस्यों ने मुलाकात की और चल रहे प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मदद की गुहार लगाई। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने चार सूत्री मांगों से पूर्व विधायक को अवगत कराया। साथ ही मांगों की प्रति उन्हें सौंपा गया। उन्होंने सभी मांगों को मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री व विभागीय अधिकारियों को अविलंब अवगत कराने का आश्वासन दिया। शिक्षकों ने कहा कि आगामी 19 नवंबर को मुख्यमंत्री का घेराव किया जायेगा। इसके बावजूद मांगों के संबंधित चिट्ठी नहीं निकलती है। तब 17 दिसंबर से राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन अनशन किया जायेगा।

## भय–भूख–भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार ।** झारखंड राज्य में गिरती विधि व्यवस्था, ठप विकास कार्य, सरकार कीवादा खिलाफी, खनिज संपदा की मची लूट,आदिवासी-दलित समाज पर बढ़ते अत्याचार,जमीन की लूट, प्रखंड से लेकर सचिवालय तक फैले भ्रष्टाचार, बढ़ती बेरोजगारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नावा बाजार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एक दिवसीय धरना सह हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित एक दिवसीय धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता नावा बाजार मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव व संचालन दीपक कुमार गुप्ता उर्फ अजय कुमार ने की। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम के प्रभारी दुर्गा जौहरी, विधायक जिला प्रतिनिधि सह उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, गांधी मंच के नेता रविंद्र नाथ उपाध्याय, कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा कि झारखंड सरकार भ्रष्टाचार की गंगोत्री बन गई है। मुख्यमंत्री संवैधानिक पद पर रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर अकूत संपत्ति अर्जित की है। जनविरोधी नीतियों व पूरे राज्य में व्याप्त भय भूख भ्रष्टाचार बलात्कार सहित तुष्टीकरण की राजनीति, हत्या अनाचार, बालू, पत्थर की लुट व झूठ का खेल खेला जा रहा है। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ इटको मोड़ से नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय में मोटरसाइकिल जुलूस निकाली गई। जुलूस के बाद सभी भाजपा कार्यकताओं ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा कार्यकताओं ने हेमंत सरकार हाय हाय ,हेमंत सोरेन मुदार्बाद, ट्रांसफर पोस्टिंग बंद करो, बिजली पानी का व्यवस्था बहाल करो आदि नारे लगाए गए। मौके पर राजहारा मुखिया चंदन कुमार, पूर्व मुखिया वीरेंद्र राम, सुरेश प्रसाद गुप्ता, पंकज चंद्रवंशी, अखिलेश यादव, मनोज प्रसाद, सुरेश चौधरी,जगदीश सिंह, मंदिश चंद्रवंशी, भानु सिंह, मीना देवी ,नंदलाल ठाकुर ,परशुराम मेहता ,गौरी शंकर सिंह ,संतोष प्रजापति, विनय सिंह, राज कुमार गुप्ता, अशोक यादव ,अर्जुन मेहता सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## समाजसेवी ने शहर में लगे कूड़े के ढेर को निजी खर्च से सफाई कराई



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने हरिहरगंज मेन बाजार कांजी हाउस तथा पाठशाला के समीप लगे कूड़ा व गंदगी को अपने निजी खर्चे से सफाई करवाई। मालूम हो कि उक्त स्थान पर महीनों से कूड़ा व गंदगी जमा पड़ा था। परंतु नगर पंचायत द्वारा इसकी सफाई नहीं कराई जा रही थी। इसे देख आसपास के लोगों ने समाजसेवी राजीव रंजन को समस्या बतायी। इस पर तत्काल उन्होंने ट्रैक्टर व मजदूर लगाकर कूड़ा को उचित निस्तारण भी करायी। जिससे गंदगी और बदबू से लोगों को निजात मिली। साथ ही आसपास के लोगों के अलावा दुकानदारों ने राहत की सांस ली। शहर के लोगों ने जनहित के कार्य करने के लिए समाजसेवी को शुभकामना दी। इससे पहले भी समाजसेवी राजीव रंजन के द्वारा जनसेवा के कार्य में हमेशा तत्पर रहे है। उन्होंने अब तक नगर पंचायत क्षेत्र में कई खराब सड़कों को मरम्मत करवाया, 188 खराब पड़े चापाकलो को बनवाया। साथ ही कूड़ा कचरे के ढेर को निस्तारण करवाया। दर्जनाधिक स्ट्रीट लाइटों को मरम्मत करवाई। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## तालाब से मिली महिला के शव की हुई पहचान

### मायके वालों ने हत्या की आशंका जाहिर की

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा ।** कुंडेलवा बड़का ढोंढा तालाब से पिछले 27 अक्टूबर को मिली अज्ञात महिला के शव की पहचान गरुवार को कर ली गई है। इस संबंध में मृतक महिला के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का मामला दर्ज करवाया है। बारी गांव के फुलमती देवी पति विश्वनाथ भुइयां ने गुरुवार को सतबरवा थाना में दिये आवेदन में कहा है कि 27 मई 2021 को पूरे हिंदू रितिवाज से दान दहेज देकर बेटी रितु कुमारी का विवाह सरजा गांव के गणपति कुवंर पति स्वर्गीय राज मोहन भुइयां के पुत्र गोविंद कुमार भुइयां के साथ किया था। विवाह के बाद से ही मेरी बेटी को 50,000 नगद व मोटरसाइकिल की मांग करते हुए लगातार मारपीट करते रहें। 9 अगस्त को भी मेरी बेटी के साथ मारपीट किया गया । जिसका इलाज नवजीवन अस्पताल तुंबागडा में कराया गया था। 26 अक्टूबर 2022 को दामाद गोविंद कुमार ने फोन करके बताया कि आपकी बेटी बिना बताये घर से भाग गई है। तब हम लोग पंजाब में मजदूरी कर रहे थे। इस सूचना के मिलने के साथ ही पंजाब से घर लौटे और अपने समाज के लोगों को साथ लेकर 9 नवंबर 2022 को बेटी के ससुराल गए। जहां पर बेटी के सास गणपति कुंवर गांव के संतोष मिश्रा तथा लड़के के फुआ गोली देवी ने गांव के लोगों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर हमलोगों को भगा दिया। सरजा गांव के लोगों से ही जानकारी मिली की दामाद व उसकी मां ने मेरी बेटी रितु की हत्या कर दीपावली की रात को ही फेक दिया है। और दामाद फरार हो गया है। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ है। इस बात की सूचना देने 10 नवंबर 2022 को थाना पहुंचे तो सतबरवा पुलिस के द्वारा मुझे एक साड़ी, पायल ,बिछिया और अज्ञात महिला का फोटो दिखाया गया। सभी समान मेरी बेटी का था। सतबरवा पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर को कुंडेलवा तालाब से बोरा में बंद इस महिला का शव मिला था । जिसकी पहचान का प्रयास किया गया। पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम कराकर पूरे रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया और पहचान के लिए मृतक महिला से प्राप्त सभी सामान को रखा गया था। जिसे मृतक महिला के घरवालों को दिखाया गया।

## कन्या उर्दू प्राथमिक विद्यालय के 84 छात्रों को मिला प्रतिपूर्ति राशि

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर उर्दू प्राथमिक विद्यालय भाई बिगहा में मुखिया शाहनाज प्रवीन, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, पंसस फरहाना खातून व गुलशन आरा की उपस्थिति में 84 विद्यार्थियों के बीच मध्याहन भोजन की प्रतिपूर्ति राशि वितरण किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक बिपिन कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार बच्चों को यह राशि दी गई है। मुखिया ने कोविड काल के बकाया प्रतिपूर्ति राशि का लाभ सभी विद्यार्थियों को हर हाल में दिलाने को प्रतिवद्धता जतायी है। उन्होंने इस राशि का उपयोग कॉपी, कलम व अन्य पठन सामग्री में व्यय करने का सुझाव भी छात्रों को दिया।

## जनजातियों का वन से जुड़ा है संबंध को समझना जरूरी : रविशंकर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनजाति आयोग एवं नीलाम्बर- पीताम्बर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में वाईएसएनएम कॉलेज में 'स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों का योगदान पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सलाहकार रविशंकर उपस्थित थे। कार्यक्रम से पूर्व आदिवासी नृत्य के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. राम लखन सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। परिचर्चा में मुख्य वक्ता डा. राजकुमार हांसदा ने जनजाति इतिहास एवं संस्कृति से संबंधित मुख्य बिंदुओ पर प्रकाश डाला एवं बिरसा मुंडा को स्वतंत्रता संग्राम का एक मुख्य जननायक बतलाया। साथ ही जनजातीय महिला वीर योद्धाओं को याद करते हुए फुलो झानो, चंपा आदि के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रविशंकर ने जनजाति गौरव एवं उनके इतिहास संस्कृति पर प्रकाश डाला । जनजाति एवं वन अधिनियम 2006 पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनजातियों का जनजीवन मुख्य रूप वन से जुड़ा है एवं वन के साथ जनजातियो के संबंध को समझना अतिआवश्यक है। उन्होंने छात्रों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान की पहल की एवं विश्विद्यालय स्तर पर आयोग के अन्य कार्यक्रमों के संबंध में बात कही। कुलपति प्रो. रामलखन सिंह ने इस प्रकार के संगोष्ठी के आयोजन की प्रशंसा की एवं इस प्रकार के आयोजन को भविष्य में और अधिक आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में आयोग से संबंधित वीडियो प्रदर्शित किया गया एवं जनजाति नायकों एवं उनके भारतीय संविधान में वर्णित अधिकारों से संबंधित चित्रप्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

## भाजपा ने सरकार के विरोध में किया प्रर्दशन

**पंडवा ।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हो रहे प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत गुरूवार को पड़वा बाजार से प्रखंड मुख्यालय तक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं इसके मुख्य अतिथि भाजपा नेता पूर्व सांसद मनोज कुमार एवं पड़वा मंडल के प्रभारी कर्नल संजय सिंह के नेतृत्व में प्रर्दशन किया गया।

**NAME CHANGE**

I am Sandesh Kumar, father name Awdhesh Yadav, mother - Manpatiya Devi, date of birth - 10-02-2006, village - Ararua Kalan, post + police station - Hariharganj, district - Palamu (Jharkhand). I declare that in many of my documents my mother's name has been wrongly recorded as Malati Devi instead of Manpatiya Devi. Which my mother's correct name is Manpatiya Devi. which is true and correct.
**Affidavit No.: 13/17712 Dated: 07/11/2022**

## पूरनचंद सेतु पर ओएफसी के लिए ढलाई कार्य को पीडब्लूडी ने रोका

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय सिटी सह मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के दोनों हिस्से को जोड़ने वाली उत्तर कोयल नदी पुल (पूरनचंद सेतु) से होकर निकले ऑप्टिकल फाइवर केबल (ओएफसी) की ढलाई कार्य रोक दिया गया है। पूरनचंद सेतु का प्रबंधन देखने वाला पब्लिक वर्कस डिपार्टमेंट पीडब्लूडी रोड के कार्यपालक अभियंता उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने बगैर पूर्व अनुमति से पुल पर ओएफसी के लिए ढलाई कार्य कराने की सूचना की जांच कर काम रोकवाने का निर्देश संबंधित कनीय अभियंता को बुधवार को दिया था। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि उत्तर कोयल नदी पर मेदिनीनगर कोर सिटी में स्थित यह महत्वपूर्ण पुल है। इससे उत्तर-प्रदेश और छत्तीसगढ़ की ओर से आने वाली गाड़ियां काफी संख्या में गुजरती है। करीब चार दशक पुराने पुल पर ट्रैफिक का लोड बढ़ने के साथ कई अन्य कंस्ट्रक्शन वर्क करा दिये गए है। इससे पुल पर लोड बढ़ गया है। पुल पर लोड कम करने के लिए वैकल्पिक पुल बनाने का प्रस्ताव भी सरकार को भेजा गया है कि तो अभी स्वीकृति की प्रक्रिया में है। **41 साल पहले कोयल नदी पुल का हुआ था उदघाटन :** कोयल नदी में उक्त पुल का निर्माण के लिए 23 अगस्त 1974 को तत्कालीन उपायक्त अरूण कुमार ने शिलान्यास किया था। पुल का निर्माण कार्य 16 अक्तूबर 1974 को प्रारंभ किया गया था। 27 अप्रैल 1960 को तत्कालीन हुसैनाबाद सह गढ़वा के विधायक राजकिशोर सिंह ने बिहार विधानसभा में कोयल नदी पर पुल बनने का मामला उठाया था। बाद में डालटनगंज के विधायक सह मंत्री पूरन चंद ने 11 जून 1970 को सदन में पुल निर्माण का मामला उठाते हुए इसके नहीं बनने से राजस्व की हो रही क्षति का जिक्र किया था। निर्माण शुरू होने के बाद पुल का निर्माण रूक जाने के बाद तत्कालीन विधायक इंदर सिंह नामधारी ने इस मुद्दे को 15 जुलाई 1980 को उठाया था। उल्लेखनीय है कि मेदिनीनगर नगर निगम प्रबंधन ने बोर्ड में प्रस्ताव पारित कर पुल का नामकरण कार्तिक पूर्णिमा सह आठ नवंबर 2022 के अवसर पर इसे स्वतंत्रता सेनानी सह बिहार सरकार के तत्कालीन मंत्री स्व. पूरन चंद के नाम को समर्पित कर दिया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**द्वितीय**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना संख्या–**DWSD/GAR-12/2022-23 (Chama-Karkoma Adjoining village Rural pipe Water Supply Scheme)** जो **PR No. 280015** Drinking Water and Sanitation(22-23)*D दिनांक 17.10.2022 एवं **PR No. 280443** Drinking Water and Sanitation(22-23):D दिनांक 21.10.2022 द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि एवं तिथि में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित कर प्रकाशित |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 8249.51 लाख (बेयासी करोड़ उन्नचास लाख इकावन हजार रू0) मात्र | 7505.10 लाख (पचहतर करोड़ पाँच लाख दस हजार रू0) मात्र |
| 2. | अग्रधन की राशि (लाख में) | 82.50 लाख (बेयासी लाख पचास हजार रू0) मात्र | 75.06 लाख (पचहतर लाख छः हजार रू0) मात्र |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 04/11/2022/12.30 बजे अपराह्न तक। | 12/11/2022/12.30 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | प्री बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 10/11/2022/12.30 बजे अपराहन में अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पेयजल एवं स्व0 विभाग, झारखंड, रांची। | 17/11/2022/12.30 बजे अपराहन में अभियंता प्रमुख का कार्यालय, पेयजल एवं स्व0 विभाग, झारखंड, रांची। |
| 7 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23/11/2022/05.00 बजे अपराहन तक। | 30/11/2022/05.00 बजे अपराहन तक। |
| 8 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | 24/11/2022 को 10:30 पूर्वाह्न से 04.00 बजे अपराहन तक :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल कार्यालय, गढ़वा 2) अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर 3) क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, विभाग रांची प्रक्षेत्र, रांची | 01/12/2022 को 10:30 पूर्वाह्न से 05.00 बजे अपराहन तक :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल कार्यालय, गढ़वा 2) अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर 3) क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, विभाग रांची प्रक्षेत्र, रांची |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 25/11/2022/04.00 बजे अपराहन में। | 02/12/2022/05.00 बजे अपराहन में। |

नोट – (I) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गढ़वा।

PR 281892 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

**–: कार्यालय :–**
**प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल**

**–: आवश्यक सूचना :–**

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 23.11.2022 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभ्युक्त का नाम | वाहन का प्रकार / वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02/2018 | 11.01.2018 | महेश यादव | Tractor Engine No. RFN102727 | करम चिरान 90 पीस |
| 2 | 04/2018 | 17.01.2018 | कृत कुण्डल साव | Motorcycle NO. JH-01AE-3327 | कोयला 50 CFT |
| 3 | 11/2018 | 14.03.2018 | बिनोद राम | Tractor No. JH-11G-3304 | कोयला 02 टन |
| 4 | 17/2018 | 04.07.2018 | सुन्दरदेव गंझू | Tractor Engine No. 5325H86416, Chessis No. 525913132405 | पत्थर 100 CFT |
| 5 | 05/2019 | 18.01.2019 | सदाम हुसैन | Piagio Tempu No. JH-08E-6278 | कोयला 01 टन |
| 6 | 09/2019 | 18.04.2019 | विशेन्द्र यादव | Tractor Engine No. RHB2BBN0617 | फायरक्ले कोयला 100 CFT |
| 7 | 16/2019 | 16.07.2019 | सुजित साव | Tempo Engine No.- ROG2830145 | कोयला 07 बोरा |
| 8 | 20/2019 | 06.11.2019 | सुखराम उरांव | Tractor Engine No.- RED2DBN66336 | पत्थर 80 CFT |
| 9 | 21/2019 | 06.11.2019 | धर्मदेव गंझू | Tractor Engine No.- RHD2EN3945 | पत्थर 80 CFT |
| 10 | 03/2020 | 21.01.2020 | चन्द्रकान्त सिंह | Tractor No.- JH-13D-7826 | पत्थर 100 CFT |
| 11 | 04/2020 | 01.03.2020 | सुजित साव | Tractor Engine No.- NJC2EAJ0223 | पत्थर 100 CFT |
| 12 | 06/2020 | 04.06.2020 | हिरालाल महतो कृष्णा कुमार यादव | JCB No. 770EXX55, Hywa No. MPO4HE3943 | बालू 02 टन |
| 13 | 07/2020 | 04.06.2020 | आशीश कुमार उपाध्याय | Truck No. JH-02V-4089 | कोयला 05 टन |
| 14 | 09/2020 | 09.06.2020 | विकास यादव | Tractor Engine No.- 39133110101921 Motorcycle No.- JH-03B-2724 | कोयला 100 CFT |
| 15 | 11/2020 | 19.06.2020 | संतोष गंझू | Tractor Engine No.- RJA2EAN1759 | कोयला 80 CFT |
| 16 | 17/2020 | 28.07.2020 | विजय गंझू | Tractor Chesis No.- RFN103827 | – |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.11.2022 को 03:00 बजे अपराह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल

PR281849 (Forest, Environment and Climate Changes)22-23*D

## न्यूज गैलरी

### अधौरा ग्राम में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 14 व 15 के लिये अधौरा ग्राम स्थित स्कूल मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि सरकार के इस कार्यक्रम का लाभ लोगो को मिल रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, समाजिक सुरक्षा पेंशन, जॉब कार्ड, आपूर्ति विभाग सहित अन्य समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों वार्डो में प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य प्रगति पर है। पीसीसी पथ, नाली का कार्य कराया जा चुका है लेकिन अभी भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा जाना है। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो के सर्वांगीण विकास के लिये संकल्पित हूं तथा जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास कर रही हूं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को विकास की अग्रणी पंक्ति में लाने का प्रयास लगातार कर रही हूं। आगे भी पूरी ततपरता के साथ नगर पंचायत के विकास के लिये कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अनिल कुमार गुप्ता, चंद्रावती देवी, कनीय अभियंता उदय शंकर, हसीब खलीफा, आशीष कुमार नंदन,सीएमएम अमित पांडेय, सीआरपी प्रशांत कुमार देव, जेएस एल पी एल के इशरत खातून, अलका देवी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### अवैध रूप से बालू उठाव में संलिप्त दो ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज



**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मुकेश मछुआ और पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह के द्वारा गुरुवार को संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर केतार थाना क्षेत्र के परती –कूशवानी सोन नदी के तट से अवैध रुप से बालू उठाव में संलिप्त दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। इस संबंध में सीओ मुकेश मछुआ ने बताया कि परती –कूशवानी सोन नदी तट से अवैध रूप से बड़े पैमाने पर अवैध बालू उठाव करने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद अंचल एवं थाना की टीम के द्वारा छापामारी किया गया। छापेमारी अभियान के दौरान योगियावीर गांव के मुख्य सड़क से एक किलोमीटर दूर घने झाड़ियों एवं उबड़–खाबड़ पथरीले रास्ते को पार कर उक्त स्थल पर पहुंचे। जहां सोन नदी तट से दो ट्रैक्टर के द्वारा बालू उठाव किया जा रहा था। इधर प्रशासन की वाहन अपनी ओर आते देख दोनों वाहन चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहे। जबकि अंचलाधिकारी ने दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर केतार थाने को सुपुर्द कर ट्रैक्टर मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज कराया।उक्त दोनों ट्रैक्टर परती– कूशवानी ग्राम के सुगन लाल यादव एवं दिनेश प्रजापति का बताया जा रहा है। प्रशासन की इस करवाई से हड़कंप मची है।

### रमकंडा में उपायुक्त ने आदिल शिवा हॉस्पिटल का किया उद्घघाटन



**गढ़वा।** रमकंडा प्रखंड अंतर्गत मनोहर चौक स्थित आदेल शिवा प्राइवेट लिमिटेड हॉस्पिटल का उपायुक्त रमेश घोलप के द्वारा दीप प्रज्वलित कर व फीता काट किए शुभारंभ।
उपायुक्त ने हॉस्पिटल के डायरेक्टर सर्वेश ठाकुर एवं डॉक्टर प्रतिमा कुमारी से बातचीत कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अच्छे तरीके से हॉस्पिटल का संचालन करें साथ ही उपायुक्त ने हॉस्पिटल का डॉक्यूमेंट भी चेक किए।
हॉस्पिटल के डायरेक्टर सर्वेश ठाकुर ने रमकंडा के समस्त ग्राम वासियों को शुक्रगुजार हूं कि मैं आप सभी के आशीर्वाद से ही आप लोगों के बीच यह हॉस्पिटल खोल पाए हैं क्षेत्र के समस्त ग्रामीणों का जो हमसे उम्मीद लगाए हैं मैं उन लोगों को जितना सहयोग बनेगा मैं उतना करने के लिए तैयार हूं। अस्पताल में गरीबो का इलाज बहुत कम खर्च में किया जायेगा, क्षेत्र के लोगो का मांग था को यहाँ अस्पताल हो हॉस्पिटल में सभी रोगों के स्पेसलिस्ट से इलाज किया जायेगा
मौके पर रंका अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष, डॉक्टर प्रतिमा कुमारी, अमानुउद्दीन अंसारी, शिक्षक मुजाहिद अंसारी सहित अन्य ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### एसीएमओ ने ड्रग इंस्पेक्टर पर लगे आरोप की शुरू की जांच, डीसी को सौंपेगे रिपोर्ट

**गढ़वा।** गढ़वा के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा.अरुण कुमार ने गुरुवार को ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा ड्रग इंस्पेक्टर अमरेश कुमार के विरुद्ध लगे आरोपों की जांच शुरू की। सदर अस्पताल परिसर स्थित एसीएमओ कार्यालय परिसर में ही ड्रग इंस्पेक्टर का भी कार्यालय है। एसीएमओ ने पूरा मामले की गहन छानबीन शुरू कर दी है। बताते चलें कि गढ़वा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अद्याशंकर पांडेय व अन्य पदाधिकारियों ने राज्य के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर व औषधि नियंत्रण विभाग के वरीय पदाधिकारियों को पत्र भेज कर ड्रग इंस्पेक्टर अमरेश कुमार पर दवा विक्रेताओं से अवैध उगाही करने तथा भयादोहन करने का आरोप लगाया था। इसे लेकर पेयजल व स्वच्छता मंत्री ने उपायुक्त को पूरे मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया था। उपायुक्त के निर्देश के बाद सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार ने अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा.अरुण कुमार को जांच का जिम्मा दिया है। इसके आलोक में एसीएमओ ने जांच शुरू की है। इस दौरान ड्रग इंस्पेक्टर से भी पूछताछ किया गया है। इसे लेकर एसीएमओ डा. अरुण कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट सिविल सर्जन के माध्यम से उपायुक्त को भेजी जाएगी।

## खुरी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, बोले बीडीओ

# ग्रामीणों की समस्याओं का होगा समाधान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** झारखंड सरकार द्वारा आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के खुरी पंचायत सचिवालय में आयोजित की गई उक्त कार्यक्रम की शुरूआत व बीडीओ कालिदास मुंडा प्रमुख सुनैना देवी, उप प्रमुख मोहम्मद फारुख, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह पंचायत के मुखिया समुद्री देवी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मंगरू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की कार्य्र म की शुरूआत की। इस दौरान सभी विभागों का स्टॉल लगाकर आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा था। जिसमें पंचायत के सभी गांव से ग्रामीण पहुंचकर अपना अपना आवेदन जमा किए कार्यक्रम में कुल 1733 आवेदन प्राप्त हुए । जिसमें सामाजिक सुरक्षा के तहत 180, पीडीएस के लिए 138, पेंशन संबंधित 56, पेयजल संबंधित 96, भूमि सुधार संबंधित 3, कृषि विभाग संबंधी 16,कल्याण विभाग से संबंधित 54,मनरेगा से 436,जाब काड के लीए 58 ,15 वे वित के लिए 8 , प्रधानमंत्री आवास के लिए 465, पशुपालन विभाग के लिए 42, शिक्षा विभाग से 180, आवेदन प्राप्त हुए मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई लोगों का वैक्सीनेशन किया गया । कार्यक्रम के दौरान 4 महिलाओं का गोद भराई की रस्म भी अदायगी की गई तथा 4 नवजात बच्चों का अन्नपरासन बिडियो एवं प्रमुख उप प्रमुख तथा 20 सूत्री अध्यक्ष के द्वारा किया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा वृद्ध विधवा एवं असहाय लोगों के बीच 40 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर जेएस एल पी एस के द्वारा सामुदायिक निधि के तहत 2000000 का चेक महिलाओं को दी गई । वही कुल आवेदन में से पडे 250 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया । मौके पर 14 वृद्ध विधवा असहाय लोगों का पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया ।

### सभी आवेदनों पर होगी कार्रवाई : बीडीओ

मौके पर बीडीओ ने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा आयोजित की गई है जिसका लाभ आम आवाम लोग अपना–अपना समस्याओं का आवेदन देकर ले सकते हैं । आज यह कार्यक्रम प्रखंड के लिए अंतिम दिन है जितने भी बचे हुए मामले हो सभी का आवेदन दें सभी आवेदनों पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित व बीडीओ कालिदास मुंडा प्रमुख सुनैना देवी,जिला परिषद बनारसी सिंह, मुखिया समुद्री देवी, मुखिया पति उदय भुईया, उप प्रमुख मोहम्मद फारुक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सच्चिदानंद सिंह, सी ओ निषात अंजुम ए ई अनुज कुमार, जेईई अनिकेश कुमार, सुकेश कुमार , बिपीआरओ दिनेश कुमार सिंह, बीडीसी सुगनी देवी, पशु चिकित्सा अधिकारी धनंजय कुमार, सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा सैकड़ों ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।

## उपमुखिया सहित वार्ड सदस्यों ने डीसी को सौंपा आवेदन, फर्जीवाड़ा का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** पंचायत के उपमुखिया समलेश कुमार रावत सहित वार्ड सदस्यों ने डीसी गढ़वा को आवेदन सौंपकर भवनाथपुर के मुखिया और पंचायत सचिव की मिलीभगत से पंचायत अंतर्गत वार्ड नं-10 के बेल के पेड़ के समीप में पूर्व में ग्रामीणों के सहयोग तथा श्रमदान से बनाये गए चबुतरा पर ही 15 वें वित्त की 1.30 लाख की लागत से बगैर ग्रामसभा तथा स्थल सभा किये ही लाभुक समिति का चयन कर योजना के 15 हजार रुपये अग्रिम राशि फर्जी तरीके से लाभुक के खाते में जमा करा दिया गया। वहीं हम पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा कार्यकारिणी की बैठक में पारित भी नहीं कराया गया।
उन्होंने इसके अलावे वार्ड नं-सात में पंचायत भवन का दरवाजा का निर्माण कराया जा रहा है। वह भी योजना बगैर ग्रामसभा एवं स्थल सभा के मुखिया अपने चहेते ठेकेदार बनाकर दूसरे वार्ड के लाभुक से पैसा उगाही कराना चाहती है।
दरवाजे की लागत 2 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है,जिसमें 15 हजार रुपये की अग्रिम भुगतान लाभुक समिति के खाते में कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।

### दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

उपमुखिया सहित वार्ड सदस्यों ने पंचायत की मुखिया और पंचायत सचिव के कार्यों की जांचोपरांत उक्त दोनों योजनाओं को रद्द कर दोषी के खिलाफ कारवाई करने की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि डीडीसी गढ़वा,एसडीओ और बीडीओ को भी दिया गया है।
आवेदन देने वालों में उपमुखिया समलेश कुमार रावत, बीडीसी सरिता देवी,वार्ड सदस्य राज सोनी, शांति देवी,जासो देवी, शकुंतला देवी, शारदा देवी, देवंती देवी, तेतरी देवी, अनिल राम आदि का नाम शामिल है।

# डंडई में ठंड का प्रकोप बढ़ा, प्रखंड कार्यालय में रखा कंबल बना शोभा की वस्तु, वृद्ध परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

डंडई। पंचायतों के बीच आवंटित करने के लिए प्रखंड कार्यालय में रखा गया लगभग 2000 कंबल इनदिनों सिर्फ और सिर्फ शोभा बनकर रह गया है। उक्त कंबल को न तो पंचायतों के बीच आवंटित किया जा रहा है और ना ही जनप्रतिनिधि उसे अपने अपने पंचायत के लोगों के बीच वितरण कर पा रहे हैं । पिछले कई महीनों से कंबल प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में पड़ा हुआ है। पंचायतों के बीच कंबल आवंटित नहीं होने से उसका सीधा प्रभाव संबंधित पंचायत के खासकर वृद्ध लोगों पर पड़ रहा है । दिन पर दिन बढ़ रहे ठंढ से वृद्धजन खासे परेशान हैं।
बताते चलें कि विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम में कुछ कुछ वृद्धों के बीच वितरण हुए कंबल के बाद प्रत्येक दिन सुबह-शाम कंबल को लेकर मुखिया के घर लोगों का आना-जाना शुरू हो गया है। बावजूद मुखिया के घर लोगों को कंबल नहीं मिल पा रहा है ।



बुधवार को मुखिया धनवंती देवी के घर कंवल लेने पहुंचे राजदेव विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, लखन राम, सलीम अंसारी ने बताया कि आज हम सभी मुखिया के घर कंबल लेने पहुंचे थे लेकिन वहां पर हम लोगों को कंबल नहीं मिला । इस बीच उनके द्वारा बताया गया कि प्रखंड कार्यालय से अभी हम लोगों को कंबल आवंटित नहीं हुआ है । जैसे ही वहां से आवंटित हो जाएगा वैसे ही योग्य लोगों के बीच कंबल वितरण कर दिया जाएगा । वृद्धों ने जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता शिविर में अन्य लोगों के साथ हम सभी भी कार्यक्रम में भाग लिए थे । लेकिन वहां पर कई लोगों को कंबल पदाधिकारियों के द्वारा दे दिया गया जबकि हम लोगों को पूछा तक भी नहीं गया । उसी को देख कर हम सभी आज मुखिया के घर कमल लेने पहुंचे थे । वही मुखिया धनवंती देवी ने बताया कि प्रखंड कार्यालय में रखा गया कंबल क्यों नहीं पंचायतों के बीच आवंटित किया जा रहा है यह समझ से बाहर है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 1100 आवेदन प्राप्त हुए

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड के पंचायत खाला में गुरूवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ और जनप्रतिनिधियो ने संयुक्त रूप से फिटा काट कर किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में 1100 आवेदन पड़े। सभी आवेदनों को ऑनलाइन कर संबंधित विभाग को निष्पादन के लिए दिया गया। कार्यक्रम में बिडियो अरूण कुमार सिंह ने कार्यक्रम में सभी स्टोल लगे पदाधिकारी के बारी बारी से घुम कर सभी को त्वरित समाधान करने को कहा। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुनकर त्वरित



समाधान करना है। सरकार सभी क्षेत्र के विकास के लिए काफी संवेदनशील है। बीडीओ ने उपस्थित लोगों को सभी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष अब्दुल्ला हक अंसारी जिप सदस्य सुनिता कुमारी , प्रमुख शांति देवी, मुखिया अजरून निशा, साबिर अंसारी, पंचायत समिति सदस्य लिलावती देवी, रामभरोसा राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ओखरगाड़ा गांव के पास बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-मझिआव मार्ग पर ओखरगाड़ा गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति मेराल थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव निवासी नूर मोहम्मद अंसारी का पुत्र सद्दाम अंसारी बताया गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि सद्दाम अंसारी अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अटोला गांव जा रहा था। इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## सरकार की नीतियों के खिलाफ भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम 10 सूत्री ज्ञापन सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ गुरुवार को भाजपा नेताओं तथा कार्यकताओं ने प्रदेश के नेता अमित सिंह की अगुवानी में श्री बंशीधर नगर प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन कर राज्य सरकार के विफलताओं को गिनाते हुए का प्रहार किया तथा राज्यपाल के नाम 10 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया।
पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्रामीण एवं शहरी के दोनों मंडल अध्यक्ष के अध्यक्षता में अम्बा लाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय से रैली निकाली गई.इस दौरान नेताओं कार्यकताओं द्वारा मुख्यमंत्री के साथ-साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जहां सभा में तब्दील हो गई। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश प्रवक्ता गढ़वा जिले के प्रभारी अमित सिंह ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर भडास निकाली। इसके साथ-साथ कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, उमेंद्र यादव,जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, संतोष दुबे, प्रदेश कार्यक्रम समिति सदस्य रघुराज पांडे,शारदा महेश प्रताप देव, ऐसी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, अनिल चौबे, मथुरा पासवान, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया. मौके पर लालमोहन यादव, बिभुतिभूषण चौबे, शहरी विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## चिनियां में हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात

# घर तोड़े, फसलों को रौंदा, किसान चिंतित

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय में आज तीसरे दिन भी जंगली हाथियों की आ जाने से लोग काफी दहशत में है बुधवार की शाम लगभग 7:30 बजे चिनिया के टोला सेमरा टाड़ में जंगली हाथियों ने बस्ती में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया जिससे रहमान अंसारी के घर पर हमला कर घर का एक हिस्सा तोड़ डाला। उस घर में रह रहे पूरे परिवार काफी डर से घर के अंदर में पूरी रात छुपे रहे रहमान अंसारी ने बताया कि खाना खाकर सो गए थे लगभग 10:30 बजे रात के घर के चारों तरफ जंगली हाथी के झुंड ने पहुंचकर काफी आवाज में चिंघाड़ने लगा। उसके बाद बगल के खेत में बंशीधर यादव कलीम अंसारी के खेत में लगे लगभग 2



एकड़ में मकई के फसलों को रौंद डाला। वहीं किसानों ने बताया कि जंगली हाथी की संख्या लगभग 17-18 होने का अनुमान है। बस्ती से अहले सुबह 4:00 बजे जंगली हाथियों के झुंड ने सटे जंगल की ओर चले गए। उस झुंड में हाथी के बच्चे भी हैं। वही प्रखंड के तहले गांव में भी मंगलवार की रात्रि में लगभग दर्जनों किसान का लगभग 5 एकड़ में लगे धान के फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। हाथी द्वारा जिन किसानों का नुकसान पहुंचाया है उनमें तहले गांव निवासी नारद गुप्ता, नागेंद्र गुप्ता मंटू साह, छठन साव, सहित अन्य किसान शामिल है। किसान काफी चिंतित हैं। मुआवजे को लेकर किसान वन विभाग से मांग की है।
इस संबंध में पूछे जाने पर गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री शशि कुमार ने बताया कि क्षेत्र में हाथी आने की जानकारी मिली है जिन किसानों को फसलों के नुकसान पहुंचाया गया है वन विभाग द्वारा उसकी जांच की जा रही है। प्रभावित किसानों को सरकारी प्रावधानों के हिसाब से उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### बाइक दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर भीखही मोड के पास मोटरसाइकिल एवं अज्ञात वाहन के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में डंडा थाना क्षेत्र के गरहोटा गांव निवासी रामनाथ चौधरी एवं उसकी पत्नी लगनी देवी शामिल है घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया घटना के संबंध में बताया गया कि एक मोटरसाइकिल पर दोनों पति-पत्नी सवार होकर गढ़वा आ रहे थे इसी दौरान भीखही मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उनके मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को उठाकर सदर अस्पताल भेज दिया

## मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर निकली साइकिल रैली, बोले बीडीओ

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 9 नवम्बर से होगा प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मतदान केंद्र संख्या 05,06,07 के बीएलओ द्वारा 10 नवंबर गुरुवार को पंचायत क्षेत्र में पदयात्रा और साइकिल रैली निकाली गई। पदयात्रा को प्रधानाध्यापक गोविंद उराँव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।पदयात्रा एवं साइकिल रैली पूरे पंचायत क्षेत्र में घूमकर मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया। पदयात्रा एवं साइकिल रैली में उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर बीएलओ श्यामराज गुप्ता,कुंज बिहारी यादव,सुनीता देवी,शिक्षक नवलेश सिंह आदि उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने कहा की पदयात्रा और साइकिल रैली निकालने का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ना एवं



मतदान के प्रति जागरूक करना है। 09 नवंबर से प्रखंड में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमे 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवा वर्ग बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूचि में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।साथ ही प्रपत्र सात से नाम विलोपन प्रपत्र 8 से नाम,आयु,स्थान,रिस्तेदार,फोटो आदि का में सुधार करा सकते हैं। साथ ही प्रपत्र 6बी से मतदाता अपने वोटर कार्ड में आधार एवं मोबाइल नंबर लिंक करा सकते हैं।इसके लिए मतदान केंद्रों पर आगामी 12 नवम्बर शनिवार 13 नवंबर रविवार तथा 19 नवम्बर शनिवार 20 नवम्बर रविवार को विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त तिथि को बीएलओ अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर कार्य करेंगे। जिसमे मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर सभी तरह के

## तीन दिन पूर्व सदर अस्पताल में मृत अज्ञात महिला की हुई पहचान, शव ले गए स्वजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में तीन दिनों पहले इलाज के दौरान मृत अज्ञात महिला की पहचान हो गई है।सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उसे सदर अस्पताल में सोमवार की रात में भर्ती कराया गया था। उसकी पहचान देवंती देवी के रुप में हुई है। वह मेराल थाना क्षेत्र के बाना गांव निवासी सूर्यदेव राम की पत्नी थी। इन दिनों उसका पूरा परिवार उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धि थाना क्षेत्र के निमियांडीह गांव में रहता है। जानकारी के अनुसार देवंती देवी के पुत्र व पति बाहर काम करने गए हैं। निमियांडीह स्थित घर में उसकी पतोहू गीता कुमारी पति गोविंद कुमार व देवंती देवी ही रहते थे। जबकि मेराल के बाना गांव स्थित घर में अक्सर ताला बंद रहता है। बताया गया कि देवंती देवी सोमवार की शाम को निमियांडीह गांव निवासी एवं उसके रिश्ते में भतीजा पप्पु कुमार पिता पंचम राम के साथ मोटरसाइकिल से बाना गांव आ रही थी। इस दौरान श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में पप्पु कुमार व देवंती देवी घायल हो गए। गंभीर रुप से घायल देवंती देवी को अनुमंडलीय अस्पताल श्रीबंशीधर नगर में भर्ती कराने के बाद पप्पु कुमार वहां से भाग गया। बताया गया कि पप्पु कुमार ने निमियांडीह लौटकर इस घटना की जानकारी देवंती देवी के परिवार वालों को नहीं दी। देवंती देवी के पुत्र गौतम कुमार ने बताया कि मोबाइल फोन से पता करने पर उसे बाना गांव में अपनी मां के नहीं पहुंचने की जानकारी मिली। इसके बाद उसके बड़े भाई ने अपनी पत्नी चंदा देवी को पप्पु कुमार के घर भेजकर फोन से बात किया तो देवंती देवी के घायल होने की जानकारी मिली। लेकिन देवंती देवी कहां है, इसकी जानकारी उनलोगों को नहीं मिल सकी थी।

# इन संकेतों के माध्यम से बच्चों में हो रही है मैग्नीशियम की कमी



मैग्नीशियम और कैल्शियम यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम करते हैं कि आपकी मांसपेशियां ठीक से काम कर पा रही है या नहीं मैग्नीशियम मांसपेशियों को ठीक से आराम करने में मदद करता है। मैग्नीशियम एक आवश्यक प्रकार का खनिज माना जाता है जो कि आपके शरीर को भोजन या पूरक आहार से प्राप्त करने होता है। यह शरीर में होने वाली विभिन्न रासायनिक प्रतिक्रियाओं में शामिल है। यह कोशिकाओं को बच्चों द्वारा खाए जाने वाले कार्ब्स से ऊर्जा का उपयोग करने की अनुमति देने में भी सहायक होता है और इसके साथ ही साथ अन्य विटामिन और खनिजों को अपना काम करने में मदद करता है।

**क्यों जरूरी है यह बच्चों के लिए :** मैग्नीशियम और कैल्शियम यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम करते हैं कि आपकी मांसपेशियां ठीक से काम कर पा रही है या नहीं मैग्नीशियम मांसपेशियों को ठीक से आराम करने में मदद करता है। वहीं मैग्नीशियम आपके बच्चे की हड्डियों को अच्छा और मजबूत रखने में मदद करने के लिए विटामिन डी और कैल्शियम की सक्रियता में भी मदद करता है। साथ ही बच्चों में यह दिल की धड़कन को ठीक से रखने, दांतों की सड़न को रोकने और तनाव में होने पर प्रतिरक्षा प्रणाली का समर्थन करने के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण तत्व है।

**बच्चों में मैगनीशियम की कमी के लक्षण :**

**खराब नींद और कब्ज :** मैग्नीशियम की कमी के दो सबसे आम लक्षण खराब नींद और कब्ज हैं, और बच्चों के स्वास्थ्य की बात करें तो ये माता-पिता की दो सबसे आम चिंताएं हैं। व्यक्तिगत रूप से, जब हम इन दो लक्षणों को देखते हैं तो हमें तुरंत मैग्नीशियम की कमी का संदेह होना चाहिए।

**आहार में कमी :** बच्चा अगर ठीक से आहार नहीं ग्रहण कर रहा है तो यह भी चिंता का विषय हो सकता है जिसे अक्सर मैग्नीशियम की कमी से जोड़ा जा सकता है। अक्सर, इन लक्षणों को सामान्य माना जाता है, जिसमें बढ़ते दर्द और ऐंठन, अनिश्चित ऊर्जा, मनोदशा, सिरदर्द, अनिद्रा और बार-बार जागना शामिल है। तथ्य यह भी है कि बहुत से बच्चे मैग्नीशियम युक्त आहार नहीं खा रहे हैं।

**माइग्रेन और अस्थमा जैसे संकेत :** एक साधारण मैग्नीशियम की कमी कभी-कभी अधिक गंभीर स्थिति की तरह लग सकती है, या मौजूदा स्थिति को भी बढ़ा सकती है, जैसे कि माइग्रेन, एडीडी, एडीएचडी, ऑटिज्म और अस्थमा यह संकेत होने पर अपने बच्चे को डॉक्टर पर जरूर लेकर जाएं।

**धातुओं की कमी :** कुछ शोधकताओं का मानना है कि एल्यूमीनियम, पारा, सीसा, कैडमियम, बेरिलियम और निकल सहित भारी धातुएं डीएनए सहित कोशिकाओं की रक्षा करने में भूमिका निभाती है अगर इन सभी धातुओं की शरीर में कमी होती है तो यह भी मैग्नीशियम की कमी के संकेत हो सकते हैं। वहीं निश्चित रूप से, कम ऊर्जा और खराब एकाग्रता बच्चों के लिए अपर्याप्त मैग्नीशियम से जुड़ी हो सकती है।

**बच्चों में तनाव :** तनाव में बच्चे मैग्नीशियम की कमी के अधिक लक्षण प्रदर्शित कर सकते हैं क्योंकि तनाव प्रतिक्रिया से निपटने के लिए शरीर मैग्नीशियम का उपयोग करता है। इसलिए एक बच्चे में मैग्नीशियम की कमी के लक्षणों की अचानक शुरूआत देखना असामान्य नहीं है। मान लीजिए आपका बच्चा भरपूर आहार ले रहा है लेकिन वह तनाव में है तो यह भी मैग्नीशियम की कमी के लक्षण हो सकते है।

**बच्चों में मैग्नीशियम की कमी को किस तरह किया जाए पूरा**

बच्चों में मैग्नीशियम की कमी होने पर डॉक्टरों से कुछ बेसिक टेस्ट करवाना जरूरी माना जाता है। इसके साथ ही बच्चों की डाइट में कुछ अतिरिक्त चीजों को शामिल करने की सलाह दी जाती है। बच्चों में मैग्नीशियम की कमी को पूरा करने के लिए आपको निम्नलिखित चीजों को डाइट में शामिल करना चाहिए।

**हरी सब्जियां :** बच्चों में मैग्नीशियम की कमी को दूर करने का एक बेहतर उपाय उन्हें हरे पत्तेदार सब्ज़ियाँ देना है जो कहीं ना कहीं उनके शरीर को ताकत देने में पूरी मदद करती है और साथ ही बच्चे में कैल्शियम की कमी को भी पूरा करती है। इसके साथ ही आप अपने बच्चों को ब्रोकली फलियां, बीन्स, मटर आदि जैसी सब्ज़ियां देकर भी इस कमी को पूरा कर सकते हैं। इनमें लोहे की भरपूर मात्रा मौजूद होता है।


**अनाज :** अनाज में रोटी और दलिया से आप अपने बच्चे में मैग्नीशियम की कमी को काफी हद तक पूरा कर सकती हैं। अगर आपके बच्चे के शरीर को संपूर्ण तरीके से अनाज प्राप्त हो रहा है तो घबराने की कोई बात नही है। इनमें अधिक मात्रा में प्रोटीन, वसा, लिपिड, विटामिन और एंजाइम होते हैं, जो स्वास्थ्य को समृद्ध करने में मदद करते हैं।

**चावल :** चावल भी बाजार में कई किस्म के होते हैं जैसे सफेद और भूरे रंग के चावल तो अपने बच्चें को चावल का आहार देकर उसमें मैग्नीशियम की कमी को पूरा कर सकते हैं। वहीं इसमें मौजूद कार्बोहाईड्रेट शरीर को इंस्टेंट एनर्जी प्रोवाइड करते हैं।

**डेयरी उत्पाद :** डेयरी उत्पाद जैसे दूध, दहीं, पनीर भी शरीर में मैग्नीशियम की कमी को पूरा करने में बहुत अहम रोल निभाते हैं।

**ड्राई फ्रूटस :** काजू, बादाम, पिस्ता, अखरोट, मूँगफली शरीर की ऊर्जा के लिए एक अच्छा स्त्रोत हैं। जिससे बच्चों के शरीर में मैग्नीशियम की कमी को भी पूरा किया जा सकता हैं।

## ठंड को भगाने में काम आएंगी रसोई की ये चीजें नहीं पड़ेगी जुराबे व दस्तानों की जरुरत



सर्दी के मौसम में जब ठंड बहुत ज्यादा बढ़ जाती है तो हाथ-पैर की उंगलियों और पंजे तक सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता है। इस वजह से ब्लड सकुर्लेशन भी खराब हो जाता है और हाथ-पैर ठंडे पड़ जाते हैं। इससे बचने के लिए लोग जुराबे और दस्ताना पहनते हैं लेकिन कभी-कभी ये तरीके अपनाने से भी कोई फर्क नहीं पड़ता। एनीमिया और डायबिटीज के मरीजों को ऐसी समस्या सबसे ज्यादा होती है। कई बार परेशानी इतनी बढ़ जाती है कि व्यक्ति को डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है। यही वजह है कि कड़ाके की ठंड पड़ने से पहले ही सतर्क हो जाएं और कुछ घरेलू नुस्खों के बारी में जानकारी रखें। सर्दियों में हमेशा ठंडे रहते हैं हाथ और पैर, ये घरेलू नुस्खे करेंगे मदद।

**तेल मालिश :** जब भी हाथ या पैर ठंडे पड़ जाएं तो गुनगुने तेल से मालिश करना फायदेमंद हो सकता है। मसाज करने से उंगलियों और पंजों में ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है जिससे ऑक्सीजन की सप्लाई बेहतर होती है। पैरों में अकड़न और खुजली भी नहीं होती और गर्माहट बनी रहती है।


**सेंधा नमक है कारगर :** सेंधा नमक में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो शरीर को अंदर से गर्म रखने में सहायक हैं। साथ ही ये दर्द और सूजन को भी कम करते हैं। इसके लिए एक टब में गुनगुना पानी भरें और उसमें सेंधा नमक डालें। इससे अपने हाथ और पैरों की सिंकाई करें। ऐसा करने से उंगलियों में खुजली नहीं होगी और हाथ पांव ठंडे नहीं पड़ेगे। आप चाहें तो इस पानी से स्नान भी कर सकते हैं।

**आयरन से भरपूर आहार लें :** शरीर में आयरन की कमी के कारण एनीमिया यानी खून की कमी होने का खतरा रहता है। अगर आपके हाथ-पैर हमेशा ठंडे रहते हैं तो ये एनीमिया बीमारी का भी संकेत हो सकता है। इससे बचने के लिए चुकंदर, पालक, खजूर, अखरोट, सायोबीन, सेब जैसे आयरन युक्त आहार का सेवन करें।

**पर्याप्त पानी पिएं :** सर्दियों में ठंड के कारण प्यास कम लगती है और लोग पानी बहुत कम पीते हैं। इस वजह से शरीर में रक्त का प्रवाह सही तरीके से नहीं होता है और हाथ पैर ठंडे हो जाते हैं। इस मौसम में भी पर्याप्त पानी पीना चाहिए ताकि विषाक्त पदार्थ शरीर से बाहर निकल जाएं और आप स्वस्थ रहें।

**फैट वाली चीजें कम खाएं :** बहुत ज्यादा तला-भुना या फैट वाली चीजों का सेवन करने से शरीर में ब्लड सकुर्लेशन धीमा होता है जिसके कारण हाथ और पैर ठंडे रहते हैं। इसलिए ऐसे भोजन से परहेज करें।

## शरीर में कई समस्याएं खड़ी कर सकती है विटामि-डी की कमी, किस तरीके से करें पूरी




स्वस्थ शरीर के लिए विटामि-डी भी बहुत ही आवश्यक होता है। यह फैट सॉल्युबल विटामिन होता है। यह शरीर को कैल्शियम और फॉस्फोरस देने में भी मदद करता है। शोध के अनुसार, विटामिन डी कैंसर के खतरे को भी कम करता है लेकिन वहीं दूसरी ओर यदि शरीर में इसकी कमी हो जाए तो हड्डियां कमजोर, शरीर में मौजूद सेल्स की कमी, थकान चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। विटामिन-डी की कमी से लोग बहुत जल्दी बीमार पड़ने लगते हैं।

**कैसे करता है शरीर को प्रभावित? :** विटामिन-डी शरीर के लिए बहुत ही आवश्यक होता है। इसकी कमी पूरी करने के लिए बहुत से लोग धूप लेते हैं। इसके अलावा विटामिन-डी बहुत से बीमारियों से भी आपको दूर रखता है। विटामिन-डी की कमी का नैचुरल स्त्रोत धूप है। इसके अलावा कुछ फूड्स का सेवन करके भी आप विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं। इसकी कमी से आपको जोड़ों और हड्डियों में दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, थकान, डिप्रेशन और तनाव, डायबिटीज जैसी बीमारियां हो सकती हैं।

**किन फूड्स से करें कमी पूरी :** विटामिन-डी की कमी पूरी करने के लिए आप विटामिन डी 3 से युक्त आहार का सेवन करें। मछली के मांस, अंडे की जर्दी, बीफ लीवर, पनीर, कॉड लिवर तेल, सैल्मन मछली, टूना, संतरे का जूस, डेयरी प्रोडक्ट्स जैसी चीजें अपनी डाइट में शामिल करके विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं।

**फूड्स के अलावा ऐसे पूरी करें कमी :** आप डाइट में विटामिन-डी को शामिल करके और सूर्य के किरणों को पर्याप्त मात्रा में लेकर विटामिन-डी की कमी शरीर में से पूरी कर सकते हैं। इसके अलावा बाहर जाने से पहले सनस्क्रीन लगाकर भी आप विटामिन डी की कमी को 90% तक कम कर सकते हैं। पूरे कपड़े पहने ताकि त्वचा ढकी रहे। धूप में कम बैठें।

**किन लोगों को होती है विटामिन डी की कमी :** विटामिन-डी की कमी खराब खान-पान, चयापचाय की क्रिया में बदलाव होने के कारण, यूवी किरणों के संपर्क में नहीं आने से, दूध, अंडे और मछली से दूर रहने वाले लोगों को भी विटामिन-डी की कमी हो सकती है।

**कमी होने पर शरीर को खतरा :** इसकी कमी होने पर शरीर की हड्डियां कमजोर होने लगती हैं जिससे फ्रेक्चर का खतरा बना रहता है। इसके अलावा बहुत से लोगों की इम्यूनिटी पॉवर भी इस विटामिन की कमी के कारण कमजोर होने लगती है जिससे हाइपरटेंशन और डायबिटीज जैसी समस्याएं होने का खतरा रहता है।

## शरीर की बढ़ती चर्बी से हैं परेशान तो इन घरेलू तरीके से करें कम



चलना व्यायाम का ही एक सरल तरीका है जिससे आप आसानी से अपने शरीर के मोटापे को कम कर सकते हैं। यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली के साथ तनाव को कम करने में भी मदद करता है। दिनचर्या में इस प्रकिया को अपनाकर काफी बीमारियों से भी छुटकारा पाया जा सकता हैं। आजकल सब अपने शरीर को सुंदर और सुडौल दिखाने की भागदौड़ में लगे हुए है क्योंकि शरीर और पेट पर जमी हुई चर्बी ना ही आपके शरीर को नुकसान पहुँचाती है बल्कि आप को कई बीमारियों से भी घेर लेती हैं। वहीं शरीर की चर्बी कम करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है, जिसमें अक्सर कड़ी मेहनत, धैर्य और समर्पण की आवश्यकता होती है। हालांकि कई आहार और वसा की खुराक त्वरित परिणाम का वादा करती है, लेकिन स्वस्थ वजन तक पहुंचने और बनाए रखने के लिए अपने आहार, जीवन शैली और व्यायाम दिनचर्या को संशोधित करना सबसे प्रभावी तरीका है।

**दौड़ना :** अक्सर देखा जाता है कि लोग बड़ी-बड़ी एक्सरसाइज के चक्कर में कुछ नैचुरल चीज करना ही भूल जाते हैं उनमें से एक दौड़ लगाना है जो कि व्यायाम का एक बेहतरीन प्रारूप भी साबित हो सकता है क्योंकि दौड़ लगाने से शरीर के अंदर का पसीना शरीर से बाहर आता है जिससे पेट की चर्बी और वजन पर भी धीरे-धीरे प्रभाव पड़ना शुरू हो जाता है। रोज यह एक्टिविटी करने से आप खुद ही शरीर मे बदलाव महसूस कर पाएंगे, क्योंकि यह व्यायाम न केवल आपके शरीर की वसा को कम करते हैं, बल्कि आपकी मांसपेशियों की सहनशक्ति को बढ़ाने और कैलोरी जलाने का भी काम करते हैं। अगर आप अच्छी प्रकार से दौड़ने का लक्ष्य रखे तो काफी हद तक फैट बर्न करने में कामयाब हो सकते हैं। मांसपेशी सहनशक्ति में सुधार के साथ ऊर्जा का स्तर बढ़ाता है आपके मूड, अनुभूति, स्मृति और नींद में भी सुधार करता है।

**चलना :** चलना व्यायाम का ही एक सरल तरीका है जिससे आप आसानी से अपने शरीर के मोटापे को कम कर सकते हैं। यह शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली के साथ तनाव को कम करने में भी मदद करता है। दिनचर्या में इस प्रकिया को अपनाकर काफी बीमारियों से भी छुटकारा पाया जा सकता हैं। रोज एक घंटा भी चलने को रूटीन में शामिल किया जाए तो शारीरिक गतिविधि को जटिल होने की आवश्यकता नहीं है। रोजाना वॉक को आप अपने लिए जितना आसान बनाएँगे यह आपको उतना ही स्वस्थ जीवन जीने में मदद करेगा। उदाहरण के लिए, नियमित रूप से तेज चलना आपके हृदय रोग, स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, कैंसर और मधुमेह सहित विभिन्न स्थितियों की रोकथाम करता है। हड्डियों और मांसपेशियों को एकदम मजबूत बनाने में सहायक होता है।

**सूर्य नमस्कार :** सूर्य नमस्कार, सबसे व्यापक रूप से प्रचलित और बुनियादी योग आसनों में से एक है, वास्तव में शरीर के यह विभिन्न हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करता है और वजन घटाने के साथ अद्भुत काम करता है। शब्द का शाब्दिक अर्थ सूर्य नमस्कार है और इसमें 12 अलग-अलग पोज की एक श्रृंखला भी शामिल की गई है, जिसमें प्रार्थना मुद्रा, आगे की ओर झुकना और भुजंगासन शामिल हैं। शरीर को सक्रिय रखने का एक शानदार तरीका होने के नाते, यह तनाव और चिंता को कम करने में भी मदद करता है। यदि आप आसन के दौरान सांस अंदर-बाहर करते रहते हैं तो यह आपको अधिक वजन कम करने में मदद करता है। यह कुछ आसान और घरेलू तरीके हैं जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में शामिल करके अपने शरीर पर जमी फालतू चर्बी को कम कर सकते हैं और साथ ही चेहरे पर भी एक चमक पा सकते हैं।

## नाईट शिफ्ट से प्रभावित हो सकती है पुरुषों की प्रजनन क्षमता

नींद की कमी से लोग मोटापे और दिल के रोग जैसी कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। लेकिन अब ये बात सामने आई है कि अनिश्चित काम के घंटों या नाईट शिफ्ट से पुरुषों की सेक्स ड्राइव में कमी आ सकती है। इतना ही नहीं इसकी वजह से पुरुषों के बाप बनने की संभावना भी कम हो जाती है। मौजूदा समय में, लोगों के पास अपने हिसाब से नौकरी करने के विकल्प मौजूद हैं। कई लोग सुबह तो कई रात के समय नौकरी करते हैं। ऐसे में नाईट शिफ्ट में काम करने वाले लोगों की नींद बुरी तरह प्रभावित होती है, जिसका असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। नींद की कमी से लोग मोटापे और दिल के रोग जैसी कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। लेकिन अब ये बात सामने आई है कि अनिश्चित काम के घंटों या नाईट शिफ्ट से पुरुषों की सेक्स ड्राइव में कमी आ सकती है। इतना ही नहीं इसकी वजह से पुरुषों के बाप बनने की संभावना भी कम हो जाती है।

**इन पदार्थों का सेवन :** आईवीएफ और इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. हृषिकेश डी पई ने हिंदुस्तान टाइम्स के साथ बातचीत में इस मुद्दे पर बात की। डॉ. हृषिकेश के अनुसार, शिफ्ट में काम करने वाले पुरुष इन समस्याओं का सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। काम करने का पैटर्न निश्चित रूप से कर्मचारियों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। इससे उनका सोने का पैटर्न, खाना खाने का समय और व्यायाम करने की क्षमता प्रभावित होती है। नींद की कमी पुरुषों में मूत्र संबंधी समस्याओं और इरेक्टाइल डिसफंक्शन का कारण बन सकती है। काम करने का अनियमित शेड्यूल पुरुषों में सेक्स ड्राइव को बढ़ावा देने वाले टेस्टोस्टेरोन हार्मोन के स्तर को कम सकता है। इसकी कमी की वजह से पुरुषों के सीमेन की गुणवत्ता खराब हो जाती है और वह महिला को प्रेगनेंट करने की क्षमता खो सकते हैं। मौजूदा समय में खराब खाने-पीने की आदतों और बिगड़ी जीवनशैली की वजह से पुरुषों की प्रजनन दर पहले की तुलना में कम हो गयी है।

### नाईट शिफ्ट में काम करने वाले पुरुषों के लिए टिप्स

- लगातार रात में काम करने से बचें।
- बार-बार बदलने वाली शिफ्ट में काम करने से बचें।
- घर जाते समय तेज रोशनी से बचें, ऐसा करने से आपके लिए सो जाना आसान हो जायेगा।
- दिन में सोते समय धूप से बचने के लिए पर्दों का इस्तेमाल करें।
- लंबी यात्रा करने से बचें, इसकी वजह से आपकी नींद प्रभावित होती है।
- सोने के समय फोन साइलेंट पर रखें ताकि नींद खराब न हो।
- सोने से पहले कैफीन का सेवन करने से परहेज करें।



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज आप अपने काम पर फोकस रखिए। भोलेनाथ की कृपा आज आप पर रहेगी। किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। अपनी सेहत का ख्याल रखिए।

**वृष राशि :** किसी भी चीज को लेकर ज्यादा मत सोचिए आज आप सकारात्मक सोच से काम करेंगे। सेहत के प्रति लापरवाही ना दिखाएं।

**मिथुन राशि :** आज आपको अपने मित्रों का प्यार मिलेगा आज आपको अपने मित्रों का प्यार मिलेगा, आप जो चाहतें हैं वो मिलेगा, बस थोड़ा सा धैर्य बनाए रखने की जरूरत है।

**कर्क राशि :** थोड़ा मन व्याकुल रह सकता है। आज आपके भाई-बहन आप पर प्यार लुटाएंगे। थोड़ा मन व्याकुल रह सकता है लेकिन कभी-कभी ज्यादा सोचना आपके लिए घातक हो सकता है।

**सिंह राशि :** आज आपको धनलाभ होगा ,आज आपको धनलाभ होगा। किसी की बातें आपके दिल-दिमाग पर असर डाल सकती हैं। खाने-पीने की चीजों पर जरा ध्यान रखें।

**कन्या राशि :** भोलेनाथ की कृपा आप पर बनी रहेगी आज जो चाहते हैं वो मिलेगा लेकिन थोड़ा आपको भी प्रयास करना होगा क्योंकि भाग्य प्रयास करने वाले का ही साथ देता है।

**तुला राशि :** आज आपकी मेहनत रंग लाएगी , आपको थोड़ा सा शारीरिक कष्ट भी हो सकता है लेकिन परेशान होने की जरूरत नहीं है। मानसिक शान्ति रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** बिजनेस के लिहाज से दिन बढ़िा। आज आपको धन लाभ है। परिवार के लोगों से संबंध अच्छा रखें। बस थोड़ा आज आप लोगों से उलझने से बचें।

**धनु राशि :** धनु- आज आपको मस्ती करने का मौका मिलेगा। आपके अपनों का प्यार आपको बहुत खुशी देने वाला है। आप आज नई प्लानिंग कर सकते हैं।

**मकर राशि :** आज आपको तारीफें मिलेंगी। जिससे आप खुश रहेंगे। आपके लिए आज मेहनत वाला दिन है। कोई भी काम अधूरा नहीं छोडें नहीं तो वह फिर नहीं हो पाएगा।

**कुंभ राशि :** आर्थिक लाभ का दिन है। आज आपको खुद पर भरोसा बढ़ेगा। ऑफिस में लोगों से उलझिए मत वरना मूड और. वक्त दोनों खराब होगा। फिलहाल आर्थिक लाभ का दिन है।

**मीन राशि :** आज परिवार के साथ यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है। आत्मसंयत रहें। जीवनसाथी से नोंकझोंक हो सकती है।

